an>

Title: Need to provide adequate basic facilities in long passenger distance trains in the country.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल) ः मैं माननीय रेल मंत्री और माननीय प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार और अभिनंदन करना चाहता हूं कि उन्होंने रेल सेवा को अधिक सुचारू रूप से चलाने के लिए बड़ी मात्रा में रेल बजट में प्रावधान किया है, जिससे रेल में आधुनिक बदलाव आने वाले हैं। आज के समय में देश को अखंड रूप से जोड़ने के लिए रेल प्रभावी माध्यम है। मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान धीमी और लंबी यात्रा पर निकलने वाली पैसेंजर रेलगाड़ियों की समस्याओं पर आकर्षित करना चाहता हूं। यह गाड़ियां यात्रियों की सुविधाओं के लिए हर एक छोटे या बड़े स्टेशन पर रूक कर चलती है। इस प्रकार की रेलगाड़ियों का उद्देश्य हर छोटे और बड़े स्टेशन के यात्री को अपने गंतव्य स्थल पर पहुंचाने के लिए किया गया है। परंतु यह खबरें और शिकायतें सामने आती रही हैं कि पैसेंजर गाड़ियों में प्राथमिक सुविधाओं का अभाव है। स्वच्छता गृहों में पानी और रख-रखाव का अभाव, गाड़ियों में साफ-सफाई का अभाव और हमेशा कचरा जमा रहता है। मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि जिस प्रकार हम रेल सेवा में बुलेट ट्रेन, फास्ट ट्रेन, ए./सी. लोकल गाड़ियां आदि जैसे बदलाव ला रहे हैं, उसी तरह लोकल गाड़ियों में स्वच्छता और जरूरी सुविधाओं पर ध्यान देने की जरूरत है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि सामान्य यात्रियों के लिए चलाई जा रही इस परिवहन व्यवस्था में स्वच्छता, पानी, साफ-सफाई आदि प्राथमिक सेवा एवं सुविधाओं को नियमित और पूर्ण रूप से उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जरूरी कदम उठाये जायें।